शुरू करने से होने वाले लाभों को देखते हुए दल इस बात से सहमत हुआ कि इनमें से कुछ कार्यकलापों को "सार्क" संसाधन नेटवर्क द्वारा चलाया जा सकता है। दल ने नोट किया है कि भारत साक्षरता, उत्तर साक्षरता तथा सतत शिक्षा के क्षेत्र में क्षेत्रीय सहयोग समन्वित करेगा तथा दल ने सिफारिश की है कि भारत-"सार्क" संसाधन केन्द्र के विधान पर उचित निर्णय लेने तक "सार्क" संसाधन नेटवर्क के कार्यकलापों का अस्थायी रूप से समन्वय कर सकता है।

दल ने जोरदार सिफारिश की कि राष्ट्रीय संसाधन केन्द्र व "सार्क" संसाधन केन्द्र की सफलतापूर्वक स्थापना के लिए उचित संसाधन उपलब्ध कराए जाने चाहिए।

दल ने यह भी स्वीकार किया कि सदस्य देशों के बीच निम्नलिखित क्षेत्रों में कार्यक्रमों का विनिमय शीघ्र ही आरम्भ किया जाना चाहिए :—

1. प्रकाशनों, पोस्टर, मुद्रित सामग्री, शोध पेपर, पत्र-पत्रिकाओं, अध्ययन अध्यापन सामग्री का विनिमय ;

2. शोध खोज, मूल्यांकन रिपोर्टों का विनिमय ;

3. दृश्य-श्रव्य सामग्री का विनिमय ;

4. शिल्पवैज्ञानिक-शिक्षाशास्त्रीय निवेश का विनिमय।

दल ने "सार्क" दृश्य-श्रव्य विनिमय समिति से साक्षरता, उत्तर साक्षरता व सतत शिक्षा विषय पर संयुक्त रूप से टी०वी० कार्य-क्रम निर्मित करने का अनुरोध किया है।

विशेषज्ञ दल की उपर्युक्त सिफारिशें विदेश सचिव संबंधी सार्क स्थायी समिति द्वारा अनुमोदित करने के पश्चात् कार्यान्वित की जायेंगी।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा के महाविद्यालयों को धन का आवंटन

1464. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा दिल्ली विश्वविद्यालय ने इस वर्ष दिल्ली के विभिन्न महाविद्यालयों को कितना कितना धन आवंटित किया है ;

(ख) क्या दिल्ली के विभिन्न महाविद्यालयों ने इन आवंटनों के विरुद्ध रोष प्रकट किया है तथा उपकुलपति के सामने अपनी मांगें रखी हैं; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री चिमन भाई मेहता) : (क) से (ग) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने पिछले वित्तीय वर्ष के 40.07 करोड़ रु० के आवंटन की तुलना में चालू वित्तीय वर्ष के लिए दिल्ली कालेजों को अनुरक्षण अनुदान के लिए 50.00 करोड़ रु० आवंटित किए हैं। कुछ कालेजों ने वित्तीय कठिनाइयों की शिकायत की है। आयोग ने कालेजों को आश्वासन दिया है कि दिल्ली कालेजों को अनुरक्षण अनुदानों का भुगतान करने के लिए पर्याप्त निधियां दी जाएंगी।

Revival of public sector DA Committee

1465. SHRI SUNIL BASU RAY: Will the PRIME MINISTER be pleased to state;

(a) whether it is a fact that the Public Sector DA Committee has been revived after its earlier term expired on March 30;

(b) if so, what were the circumstances that led to allow the Committee to expire and subsequently to revive it;